## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत गठित समिति की दिनांक 18.05.2026 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त

पत्रांक–                /                /                दिनांक

जनपद फर्रूखाबाद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक दिनांक 18.05.2026 को आहूत हुई। समीक्षा बैठक में उपस्थित सदस्यों का विवरण निम्नवत् है:–

1. जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद । (अध्यक्ष)
2. मुख्य विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद। (उपाध्यक्ष)
3. जिला पंचायत राज अधिकारी, फर्रूखाबाद । (सदस्य)
4. जिला विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद। (सदस्य)
5. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फर्रूखाबाद। (सदस्य सचिव)
6. श्री सिद्धार्थ बिसवल, डी0पी0एम0, मै0 बी0एल0जी0, कन्स्ट्रक्शन सर्विसेज प्रा0लि0,फर्रूखाबाद। (टी0पी0आई0)
7. श्रीमती सत्या पाण्डेय, श्री सौरभ, डी0पी0एम0यू0 फर्रूखाबाद । (डी0पी0एम0यू0)
8. श्री अशोक शर्मा, पी0एम0, मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0 लि0, हैदराबाद। (निर्माण एजेन्सी)
9. श्री अशोक सिंह, पी0एम0, मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0 लि0, हैदराबाद। (निर्माण एजेन्सी)
10. श्री अनुराग द्विवेदी, पी0एम0,श्री प्रताप,डी0पी0एम0, मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0 लि0, नोएडा। (निर्माण एजेन्सी)
11. श्रीमती गीता सैनी, मै0 सर्वार्थ सेवा संस्थान । (आई0एस0ए0)
12. कु0 हिमांशी वर्मा, मै0 भारतीय महिला बाल विकास संस्थान । (आई0एस0ए0)

1. सर्वप्रथम अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0, जल निगम(ग्रामीण), फर्रूखाबाद से समस्त जल जीवन मिशन अन्तर्गत कार्यरत एजेंसी के समस्त स्टॉफ हेतु पूँछा गया जिस पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, कार्यरत एजेंसी फेज–02 मै0 जी0वी0पी0आर0, फेज–03 में मै0 वी0टी0एल0 गजा, जिला समन्वयक एवं अनुश्रवण इकाई, मेंधज टैक्नों कान्सेप्ट (डी0पी0एम0यू0), बी0एल0जी0 कन्स्ट्रक्शन प्राइवेट लि0, (टी0पी0आई0) एवं जनपद में कार्यरत आई0एस0ए0 (क्रमशः भारतीय महिला बाल विकास संस्था एवं सर्वार्थ सेवा संस्थान) स्टाफ से परिचय कराया गया समीक्षा के दौरान मौजूद फेज–02 के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अशोक शर्मा एवं श्री अशोक सिंह, फेज–03 के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अनुराग द्विवेदी, श्री सिद्धार्थ बिसवल–डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मैनेजर (टी0पी0आई0), श्रीमती सत्या पाण्डेय–जी0आई0एस0 (डी0पी0एम0यू0), मै0 सर्वार्थ सेवा संस्थान की टीम लीडर–श्रीमती गीता सैनी (आई0एस0ए0), एवं मै0 भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान की टीम लीडर–कु0 हिमांशी वर्मा (आई0एस0ए0), आदि से अधोहस्ताक्षरी को परिचय कराया गया है।
2. अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0, जल निगम(ग्रामीण), फर्रूखाबाद द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फेज–2 एवं फेज–3 में कराये जा रहे समस्त कार्यो की प्रगति से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया। दोनों एजेंसियों द्वारा कराये गये कार्यो की प्रगति का विवरण निम्नवत् है–

| फर्म का नाम | कम्पोनेंटस | लक्ष्य | प्रगति दिनांक 18.05.2026 तक | अवशेष |
|---|---|---|---|---|
| मै0 जी0वी0पी0 आर0 | आर0सी0सी0 टैंक | 27 | 21 | 06 |
| | जिंक एलम टैंक | 200 | 48 | 152 |
| | पेयजल आपूर्ति | 227 | 181 | 46 |
| | हर घर जल प्रमाणीकरण | 399 रा0ग्रा0 | 61 | 338 |
| | गृह संयोजन | 117748 | 113393 | 4355 |
| | O&M (संचालन एवं अनुरक्षण) | 227 | 04 | 223 |
| **फर्म का नाम** | **कम्पोनेंटस** | **लक्ष्य** | **प्रगति** | **अवशेष** |
| मै0 वी0टी0एल0 गजा | आर0सी0सी0 टैंक | 154 | 150 | 04 |
| | पेयजल आपूर्ति | 151 | 122 | 29 |
| | हर घर जल प्रमाणीकरण | 316 रा0ग्रा0 | 162 | 154 |
| | गृह संयोजन | 82452 | 81245 | 1207 |
| | O&M (संचालन एवं अनुरक्षण) | 151 | 109 | 42 |

Scanned with OKEN Scanner

3. अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन फेज–02 के अन्तर्गत में कार्यरत एजेंसी मै0 जी0वी0पी0आर0 के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अशोक शर्मा द्वारा एजेंसी में कार्यरत तकनीकी स्टॉफ एवं सुपरवाइजर्स की संख्या पूँछी गई जिस पर प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया कि एजेंसी में 06 सहायक अभियन्ता एवं 10 जू0इंजी0 एवं 08 सुपरवाइजर्स कार्य हेतु तैनात है साथ ही जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फेज–03 में कार्यरत एजेंसी मै0 वी0टी0एल0 गजा के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अनुराग द्विवेदी द्वारा एजेंसी में 02 डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मैनजर, 04 सीनीयर इंजीनियर, 15 इंजीनियर एवं 46 सुपरवाईजर्स ब्लाकवार तैनात है।
4. तदुपरान्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा मै0 जी0वी0पी0आर0 के कार्यो की समीक्षा की गई और प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अशोक शर्मा से प्रस्तावित कार्य के सापेक्ष अत्यन्त धीमी प्रगति का कारण पूँछा गया जिस पर प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा विगत 01 वर्ष से शासन द्वारा फण्ड ना मिलने के कारण बताया गया साथ ही जिंक एलम टैंक हेतु आवंटित एजेंसी को कारणवश 01 वर्ष के लिये डिबार/काली सूची में पत्रांक 249/SWSM Cause Notice/2024-25/Tech दिनांक 26.04.2025 द्वारा डाल दिया गया था जिस कारण 113 नग योजनाओं में उच्च जलाशय का कार्य स्लेब तक पूर्ण हो जाने के फलस्वरूप भी टैंक इंस्टालेशन/अधिष्ठापन का कार्य नही किया जा सका जिस कारण भी कार्य बाधित रहा । जिसको पुनः कार्य करने हेतु पत्रांक 3808/Zn-Al/2025-26/UCT दिनांक 18 फरवरी, 2026 के माध्यम से पुनः कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया । जिसके माध्यम से माह मार्च 2026 से जिंक एलम अधिठापन का कार्य वर्तमान में प्रगति पर है जिसको माह जुलाई 2026 तक 113 नग उच्च जलाशय में जिंक एलम टैंक अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा हेतु अधोहस्ताक्षरी को आश्वासन दिया गया। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा धीमी प्रगति पर रोष प्रकट किया गया।
5. अधिशासी अभियन्ता द्वारा अधोहस्ताक्षरी को मै0 जी0वी0पी0आर0 फेज–02 के अन्तर्गत कार्यो की प्रगति से अवगत कराया गया जिसमें 227 नग उच्च जलाशय के सापेक्ष मात्र 69 नग पर ही कार्य पूर्ण किया गया है साथ ही 227 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष मात्र 04 पेयजल योजनाओं को O&M (संचालन एवं अनुरक्षण में) में ले जाया जा सका है साथ ही हर घर जल प्रमाणीकरण का कार्य भी वर्तमान तक 61 राजस्व ग्रामों में ही हुआ है। अत्यन्त कम प्रगति पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा रोष प्रकट किया गया साथ ही वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु तोड़ी गई सड़को में मरम्मत का कार्य शत्प्रतिशत पूर्ण न होने पर भी कार्यरत एजेंसी पर कठोर कार्यवाही करने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया ।
6. अधोहस्ताक्षरी को एजेंसी द्वारा धीमी प्रगति का संतोषजनक उत्तर न मिलने पर अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0, जल निगम(ग्रामीण), को मै0 जी0वी0पी0आर0 के विरूद्ध कठोर कार्यवाही के साथ जनपद से ब्लैकलिस्ट/डिबार करने हेतु अधोहस्ताक्षरी की ओर से शासन को पत्र बनवाने हेतु निर्देशित किया गया।
7. मै0 वी0टी0एल0 गजा द्वारा भी जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की प्रगति से अवगत कराया गया जिसमें 151 नग उच्च जलाशय के सापेक्ष 148 नग उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण बताया गया जबकि 03 नग क्रमशः नगला दाउद, पथरामई, भाउपुरखुर्द में विवाद होने के कारण कार्य पूर्ण नही हुआ है साथ ही 151 नग के सापेक्ष 109 नग पेयजल योजनाओ को O&M (संचालन एवं अनुरक्षण)मे ले जाया गया है जबकि 20 नग योजनाओ को O&M में ले जाने की प्रक्रिया प्रगति पर है जिसको जल्द से जल्द O&M में ले जाया जायेगा।
8. अधोहस्ताक्षरी द्वारा मै0 जी0वी0पी0आर0 को उच्च जलाशय, वितरण प्रणाली बिछाने हेतु तोड़ी गई सड़को का रोडरेस्टोरेशन नियमित जलापूर्ति को बढ़ाने एवं 227 नग योजनाओं के सापेक्ष मात्र 04 नग योजनाओ O&M (संचालन एवं अनुरक्षण) में है। जिसकी प्रगति अत्यन्त कम है साथ ही मै0 वी0टी0एल0 गजा को नियमित जलापूर्ति बढ़ाने के साथ–साथ समस्त कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया साथ ही समस्त पेयजल योजनाओं में उच्चजलाशय के माध्यम से जलापूर्ति देने हेतु निर्देशित किया गया ।
9. अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0, जल निगम(ग्रामीण) से जनपद में प्रस्तावित एफ0एच0टी0सी0 के सापेक्ष प्रगति एवं हर घर जल की प्रगति हेतु पूँछा गया जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा जनपद में कुल प्रस्तावित 252320 नग गृहसंयोजना के सापेक्ष 246084 नग गृहसंयोजन का कार्य पूर्ण बताया गया जिसकी प्रगति का प्रतिशत 97.53 % बताया गया साथ ही हर घर जल प्रमाणीकरण मै0 जी0वी0पी0आर0 61 नग एवं मै0 वीटी0एल0 गजा 158 नग का कार्य पूर्ण बताया गया जिसपर अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल्द से जल्द गृहसंयोजन का कार्य शत्प्रतिशत पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही योजनाओं के अन्तर्गत समस्त कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण कर O&M(संचालन एवं अनुरक्षण) में ले जाने हेतु भी निर्देशित किया गया ।
10. अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता से आई0जी0आर0एस0 एवं ग्रेवांस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के बारे में पूँछा गया जिसमें 16 नग आई0जी0आर0एस0 का असंतोषजनक फीडबैक प्राप्त होने पर रोष प्रकट किया साथ ही 23 % असंतोषजनक फीडबैक जिसकी प्रगति अत्यन्त कम है, पर अधिशासी अभियन्ता को अपने अधीनस्थों के माध्यम से शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक कराने हेतु निर्देशित किया गया जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।

Scanned with OKEN Scanner

11.अधिशासी अभियन्ता द्वारा Source Sustainibility की रिपोर्ट को प्रस्तुत की गयी जिस हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फर्रुखाबाद से Source Sustainibility की रिपोर्ट का विवरण पूँछा गया जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त रिपोर्ट का विवरण अधिशासी अभियन्ता (विद्युत यांत्रिक) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर द्वारा तैयार की गई है। उक्त के संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता (विद्युत यांत्रिक) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर को आगामी समीक्षा बैठक में रिपोर्ट के साथ प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित किया गया ।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

30/5/26

**मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष**
**"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति**
**फर्रुखाबाद**

## कार्यालय जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद।

पत्रांक– 1266 / M.8 / 116 दिनांक 30.5.26

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार**

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
3. जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद।
4. जिला विकास अधिकारी, फर्रुखाबाद।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फर्रुखाबाद।
6. मै0 मेघज टैक्नो कोन्सेप्ट, डी0पी0एम0यू0, फर्रुखाबाद।
7. मै0 बी0एल0जी0, करट्रक्शन सर्विसेज प्रा0लि0 टी0पी0आई0, फर्रुखाबाद।
8. मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0लि0, हैदराबाद।
9. मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0लि0 जे0वी0, नोएडा।

**मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष**
**"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति**
**फर्रुखाबाद**

Scanned with OKEN Scanner